185

राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0)
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)

7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ 226002

e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक 1669. /241/NULM/Teen/2001/Svanidhi दिनांक 10/09/2020

सेवा में,

समस्त सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर/परियोजना निदेशक,
शहर मिशन प्रबन्धन इकाई/जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0।

विषयः–DAY-NULM के घटक SUSV के अन्तर्गत एम0आई0एस0 में शहरी पथ विक्रेताओं से संबंधित आंकड़े अपडेट किये जाने के संबंध में।

जारी 10/09/2020

महोदया/महोदया,

आप अवगत है कि प्रदेश के 130 शहरों में दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन समस्त शहरों में मिशन के अन्तर्गत घटकवार किये जा रहे कार्यों के आंकड़ों का अपडेशन एन0यू0एल0एम0 एम0आई0एस0 पर निरन्तर किया जाता है।

वर्तमान समय में भारत सरकार द्वारा पोषित पीएम स्वनिधि योजना के द्वारा शहरी पथ विक्रेताओं को ब्याज आधारित लघु ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिस हेतु नगर निकायों में निरन्तर पथ विक्रेताओं का सर्वे, पंजीकरण, विक्रय प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र वितरण का कार्य प्रगति पर है।

उपरोक्त नगर निकायों में वर्तमान समय में पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को ऋण दिलाये जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन कराये जा रहे है। नगर निकायों द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकड़ों का अपडेशन निरन्तर किये जाने की आवश्यकता है, जिससे कि भारत सरकार की अपेक्षानुसार डे0–एन0यू0एल0एम0 के एम0आई0एस0 पोर्टल पर आंकड़े परिलक्षित हो सके।

अतः अनुरोध है कि शहरी पथ विक्रेताओं के आंकड़ों को एम0आई0एस0 पर अपडेट करने हेतु शहर मिशन प्रबन्धकों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

10/9/2020

o/c (उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा को इस आशय से प्रेषित कि संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. समस्त परियोजना अधिकारी, डूडा को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त शहरी पथ विक्रेताओं के आंकड़ों को निरन्तर एम0आई0एस0 पर अपडेट करायें।
3. सहायक वेब मास्टर, सूडा को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

10/9/2020

o/c (उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक